# कार्यालय नगरपालिका अनूपगढ़ जिला श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :– 4574　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक :– 16/12/22

अकाल एकेडमी,
59 जीबी, रामसिंहपुर।

**विषय :– अग्निशमन यंत्र/उपकरण निरीक्षण प्रमाण पत्र बाबत।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके भवन/परिसर में स्थापित किये गये अग्निशमन यंत्र/उपकरण का निरीक्षण किया गया, जो सही व कार्यशील अवस्था में पाये गये। भविष्य हेतु भी इन यंत्र/उपकरण होजरील, स्प्रिकलर्स इत्यादि सही व कार्यशील अवस्था में रखे जाने के साथ ही मौके पर उपस्थित एकेडमी संचालक को निम्न शर्तों हेतु निर्देशित किया गया।

1. भवन/परिसर तक फायर गाड़ी घुमने व खड़ा होने के लिए हमेशा पर्याप्त रोड़/स्थान रखेगा।
2. भवन/परिसर के निकासी द्वार पर किसी प्रकार का सामान न रखा जावे या किसी भी प्रकार का अवरोधक नहीं होना चाहिए।
3. भवन में अग्निकांड में ट्रेंड कर्मी होना चाहिए।
4. भूमि व भवन संबंधी किसी प्रकार के विवाद हेतु यह पत्र बतौर साक्ष्य मान्य नहीं होगा। इस बाबत आवेदक स्वयं उत्तरदायी होगा।

उक्त निरीक्षण प्रतिवेदन जारी होने की तिथि से एक वर्ष तक वैद्य होगा।

(लाजपत बिश्नोई)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका अनूपगढ़

पता :– वार्ड नं. 12 अनूपगढ़, जिला श्रीगंगानगर (राज.)– 335701
फोन नं. 01498–252060 ई–मेल:–eoanupgarh@yahoo.com